दिन–शनिवार दिनांक– 28/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पूरे विश्व में चिंता है। उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पूरी शक्ति के साथ मौजूदा हालात का मुकाबला कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध प्रभावी क्षेत्रों से मंगाता है। इस लिए सरकार हर वो जरूरी कदम उठा रही है, जिससे देश के सभी परिवारों तक इन आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित न हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि संकट के समय में भी भारत ने अपने तेज विकास को निरंतर जारी रखा हुआ है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने बांसघाट के पास निर्माणाधीन लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने जे.पी. गंगा पथ के पास बन रहे बिहार गौरव पार्क, बांसघाट के पास मुक्तिधाम परिसर और गांधी मैदान के पास बनाए जा रहे पटना हाट का भी निरीक्षण किया।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत राज्य के विभिन्न भागों में आंधी–बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की घटना दर्ज की गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि तेज आंधी के कारण जगह–जगह पेड़ उखड़ गए। वहीं, कई जगह पर विद्युत पोल उखड़ जाने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुयी है। इधर, आंधी –बारिश के कारण फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। आम और लीची की फसल की भी क्षति हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक आंधी–बारिश की संभावना बनी हुयी है। विभाग ने आज अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

मधुबनी के प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल बलिराजगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से आज उत्खनन कार्य की शुरूआत कर दी गयी। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने उत्खनन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्खनन कार्य से मिथिला की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के अनछुए पहलू सामने आयेंगे। श्री झा ने कहा कि बलिराजगढ़ में संग्रहालय की स्थापना की जायेगी, जिसमें उत्खनन में प्राप्त सामग्रियों को संरक्षित कर रखा जायेगा।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट का उन्नीसवां संस्करण आज शाम बेंगलुरु में शुरू होगा। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। दो महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट इकतीस मई तक चलेगा।

———————————————————————

मधेपुरा जिले के ग्वालपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरार घाट पुल के पास एक वाहन के विद्युत पोल से टकरा कर नदी में गिर जाने से वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी।

————————————————————————

अररिया जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में तेईस गैस एजेसिंयों पर छापेमारी की गयी।

————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के जिला नियोजनालय भवन में तीस मार्च को एक दिवसीय जॉब कैंप सह–कैरियर मागर्दशन मेला का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।